भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर
Indian Institute of Technology Bhubaneswar

प्रेस विज्ञप्ति

आईआईटी भुवनेश्वर में रक्तदान शिविर का आयोजन

118 यूनिट रक्त एकत्रित

भुवनेश्वर, 22 मार्च 2025: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने एनजीओ सहाय और कैपिटल हॉस्पिटल भुवनेश्वर के सहयोग से आज एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्थान परिसर के अंदर संजीवन स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर के दौरान 118 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

ओडिशा सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री श्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने इस अवसर पर उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद कर्मालकर ने भी रक्तदान शिविर का दौरा किया तथा एनएसएस स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा, श्री बामदेव आचार्य, रजिस्ट्रार, डॉ. सुरेश आर दाश, प्रोफेसर-इन-चार्ज (हेल्थकेयर) तथा आईआईटी भुवनेश्वर के संजीवन स्वास्थ्य केंद्र के सदस्य; डॉ. देबाशीष मिश्रा, ब्लड बैंक अधिकारी तथा कैपिटल हॉस्पिटल, भुवनेश्वर की टीम, श्री कैलाश सारंगी तथा एनजीओ सहया की टीम उपस्थित थी। डॉ. शिवैया बथुला, समन्वयक-एनएसएस ने शिविर का समन्वय किया। संस्थान के संकाय, कर्मचारी, छात्र तथा निवासियों ने इस नेक पहल में भाग लिया तथा रक्तदान किया।